1. रानी और सरिता ने एक स्थान X से यात्रा शुरु की। रानी पश्चिम की ओर गई और सरिता उत्तर की ओर गई, दोनों एक ही गति से यात्रा कर रही थीं। कुछ समय बाद, दोनों अपने बाएँ मुड़कर कुछ कदम चले। यदि वे फिर अपने बाईं मुड़ती हैं, तो रानी और सरिता के चेहरे X के सापेक्ष किस दिशा में होंगे?

(A) पूर्व और दक्षिण

(B) उत्तर और पूर्व

(C) उत्तर और पश्चिम

(D) पश्चिम और उत्तर

2. दिए गए पैटर्न का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और उस संख्या का चयन करें जो इसमें प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर आ सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| 54 | 40 | 56 |
| 68 | 57 | 44 |
| 47 | 39 | ? |

(A) 39

(B) 22

(C) 30

(D) 32

3. निम्नलिखित संख्या पर विचार करें :

$$n = \left[(6374)^{1793} \times (625)^{317} \times (313)^{49}\right]$$

निम्नलिखित में से कौन सा अंक $n$ के इकाई स्थान पर हैं?

(A) 5

(B) 0

(C) 1

(D) 2

4. लुप्त संख्या को चुनें।

| | | |
|---|---|---|
| | 8 | |
| 6 | 54 | 7 |
| | 4 | |

| | | |
|---|---|---|
| | 12 | |
| 8 | 51 | 4 |
| | 7 | |

| | | |
|---|---|---|
| | 14 | |
| 9 | ? | 5 |
| | 9 | |

(A) 68

(B) 53

(C) 71

(D) 76

5. A, B और K की माँ है, D, A का पति है। E, D के भाई का पुत्र है। A का E से क्या संबंध है?

(A) बहन

(B) सास

(C) भाभी

(D) चाची

5400042 5400042 5400042 5400042 5400042 5400042

6. यदि किसी शब्द HIPPNOWADIASM के पहले चार अक्षर उल्टे क्रम में लिखे जाएं, अगले पाँच अक्षर बिना क्रम बदले लिखे जाएँ और फिर, शेष अक्षर फिर से उल्टे क्रम में लिखे जाए, तो कौन सा अक्षर शब्द के मध्य में होगा?

(A) I

(B) O

(C) W

(D) A

7. दोस्तों का एक समूह एक अष्टकोण के कोने पर एक-एक करके बैठा है। सभी का मुख केन्द्र की ओर है। महिमा रमा के तिरछे विपरीत बैठी है, जो सुषमा के दाईं ओर है। रवि सुषमा के बगल में है और गिरधर के विपरीत है, जो चंद्रा के बाईं ओर है। सावित्री महिमा के दाईं ओर नहीं बल्कि शालिनी के विपरीत है। शालिनी के दाईं ओर कौन है?

(A) रमा

(B) रवि

(C) महिमा

(D) गिरधर

8. यदि, + का अर्थ भाग है; × का अर्थ जोड़ है; − का अर्थ गुणा है; ÷ का अर्थ घटाना है, तो निम्न में से कौन सा सही है?

(a) $46 \times 6 \div 4 - 5 + 3 = 74$

(b) $46 - 6 + 4 \times 5 \div 3 = 71$

(c) $46 \div 6 \times 4 - 5 + 3 = 75.5$

(d) $46 \times 6 - 4 + 5 \div 3 = 70.1$


(A) (c)

(B) (d)

(C) (b)

(D) (a)

9. लुप्त संख्या का मान क्या है?




(A) 3

(B) 9

(C) 7

(D) 5

10. पाँच अंकों 1, 2, 3, 4, 5 में से, अंकों की पुनरावृत्ति के बिना दो अंकों की कितनी संख्याएं बनाई जा सकती हैं?

(A) 12

(B) 10

(C) 15

(D) 20

11. फ्रेंच ओपन-2025 प्रतियोगिता में महिला एकल की विजेता कौन थी?

(A) कोको गॉफ

(B) एरीना सबालेंका

(C) टेलर टाउनसेंड

(D) बारबरा क्रेजिकोवा

12. निम्नलिखित में से कौन से देश यूक्रेन के साथ अपनी सीमाएँ साझा करते हैं?

(1) मोल्दोवा

(2) बेलारूस

(3) रोमानिया

(4) स्लोवाकिया

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:

(A) उपर्युक्त सभी

(B) (1), (2) और (3)

(C) (3) और (4)

(D) (2) और (4)

13. होर्मुज जलडमरूमध्य निम्नलिखित में से किस किस खाड़ी के बीच स्थित है?

(1) फारस की खाड़ी

(2) अदन की खाड़ी

(3) खंभात की खाड़ी

(4) ओमान की खाड़ी

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:

(A) (2) और (4)

(B) (1) और (3)

(C) (1) और (4)

(D) (2) और (3)

14. 2024 में, नाइजर के साथ-साथ किन अन्य देशों ने पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय (ECOWAS) से अपनी वापसी की घोषणा की है?

(1) टोगो

(2) घाना

(3) माली

(4) बुर्किना फासो

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें :

(A) (2) और (3)

(B) (2) और (4)

(C) (1) और (3)

(D) (3) और (4)

15. 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत का बाल लिंगानुपात क्या है?

(A) 919

(B) 933

(C) 943

(D) 972

5400042

**16.** इसरो के पहले सौर मिशन का नाम क्या है?

(A) भास्कर L1

(B) सूर्य L1

(C) आदित्य L1

(D) रवि L1

**17.** 19वां NAM शिखर सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया?

(A) भारत

(B) मिस्र

(C) बेलारूस

(D) युगांडा

**18.** किस देश ने फिलिस्तीन में इजरायल की कार्रवाई के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) में मामला दायर किया और इसे नरसंहार बताया?

(A) दक्षिण अफ्रीका

(B) रावंडा

(C) ईरान

(D) सीरिया

**19.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए :

| सूची I<br>भारत का निकासी अभियान | सूची II<br>संबद्ध देश |
|---|---|
| (a) ऑपरेशन गंगा | (1) अफगानिस्तान |
| (b) ऑपरेशन कावेरी | (2) इजराइल |
| (c) ऑपरेशन अजय | (3) सूडान |
| (d) ऑपरेशन देवी शक्ति | (4) यूक्रेन |

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:

(A) (a)-(1), (b)-(4), (c)-(2), (d)-(3)

(B) (a)-(4), (b)-(2), (c)-(3), (d)-(1)

(C) (a)-(2), (b)-(4), (c)-(3), (d)-(1)

(D) (a)-(4), (b)-(3), (c)-(2), (d)-(1)

5400042

**20.** कृत्रिम वर्षा के लिए सबसे अधिक किस रसायन का उपयोग किया जाता है?

(A) पोटेशियम क्लोरेट

(B) सोडियम नाइट्रेट

(C) सिल्वर नाइट्रेट

(D) सिल्वर आयोडाइड

**21.** किस कंपनी ने भारत की 'आकाशतीर' वायु रक्षा प्रणाली विकसित की है?

(A) अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस

(B) भारत डायनेमिक्स लिमिटेड

(C) भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

(D) हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड

**22.** 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का जनक किसे माना जाता है?

(A) यान लेकन

(B) जेफ्री हिंटन

(C) सैम ऑल्टमैन

(D) जॉन मैकार्थी

23. निम्नलिखित में कौन सी धातु उन 'दुर्लभ मृदा धातुओं' (rare earth metals) में से नहीं है जिनका उपयोग विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक घटकों के निर्माण में किया जाता है?

(A) रेडियम (Ra)

(B) स्कैंडियम (Sc)

(C) लैंथेनम (La)

(D) सीरियम (Ce)

24. वंडर ड्रग 'ओज़ेम्पिक' का निर्माता नोवो नॉर्डिस्क किस देश की बहुराष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा कंपनी है?

(A) चीन

(B) डेनमार्क

(C) स्वीडन

(D) संयुक्त राज्य अमेरिका

25. दिसंबर 2024 में किसे हराकर डी. गुकेश सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बने?

(A) फैबियानो कारुआना

(B) हिकारू नाकामुरा

(C) मैंग्नस कार्लसन

(D) डिंग लिरेन

26. सिंधु जल संधि (1960) के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

(1) यह संधि जवाहरलाल नेहरू और फील्ड मार्शल अयूब खान के बीच लाहौर में हस्ताक्षरित की गई थी।

(2) इस संधि ने भारत को चिनाब, सिंधु और झेलम नदियों से जलविद्युत शक्ति उत्पन्न करने की अनुमति दी।

(3) स्थायी सिंधु आयोग में भारत और पाकिस्तान से एक-एक आयुक्त होंगे।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें।

(A) (1) और (3)

(B) (2) और (3)

(C) उपर्युक्त सभी

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

27. भारत के शुभांशु शुक्ला के साथ-साथ किन अन्य देशों के अंतरिक्ष यात्री 2025 में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा थे?

(1) संयुक्त राज्य अमेरिका

(2) नॉर्वे

(3) पोलैंड

(4) हंगरी

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें।

(A) उपर्युक्त सभी

(B) (1), (2) और (3)

(C) (3) और (4)

(D) (1), (3), (4)

28. अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) 2021-22 के रिपोर्ट के अनुसार भारत में उच्च शिक्षा में नामांकित विदेशी छात्रों का सबसे अधिक संख्या किस देश से है?

(A) बांग्लादेश

(B) नेपाल

(C) भूटान

(D) अफगानिस्तान

29. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) के रिपोर्ट के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

(1) 90 प्रतिशत घरेलू आबादी के पास आधार कार्ड है

(2) 97 प्रतिशत घरों में बिजली है

(3) 96 प्रतिशत घरों में बैंक या डाकघर खाता है

(4) 83 प्रतिशत घरों में शौचालय की सुविधा है

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें :

(A) उपर्युक्त सभी

(B) (1), (2) और (3)

(C) केवल (1)

(D) (2) और (3)

30. नीली अर्थव्यवस्था (ब्लू इकोनॉमी) का अर्थ क्या है?

(A) हाइड्रोजन चालित वाहनों के उत्पादन से जुड़ी आर्थिक गतिविधियाँ

(B) महासागरों, समुद्रों और तटों से जुड़ी आर्थिक गतिविधियाँ

(C) इलेक्ट्रॉनिक सामान के निर्माण पर आधारित अर्थव्यवस्था

(D) आकाश से जुड़ी आर्थिक गतिविधियाँ

31. लक्षद्वीप कितने द्वीपों से बना है?

(A) 38

(B) 30

(C) 36

(D) 37

32. भारतीय राज्य त्रिपुरा को बांग्लादेश से जोड़ने वाला पुल 'मैत्री सेतु' किस नदी पर बनाया गया है?

(A) सुमली

(B) ब्रह्मपुत्र

(C) गोमती

(D) फेनी

33. निम्नलिखित में से कौन सा देश QUAD का सदस्य नहीं है?

(A) यूनाइटेड किंगडम

(B) ऑस्ट्रेलिया

(C) भारत

(D) संयुक्त राज्य अमेरिका

34. 'भारत क्यों मायने रखता है' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(A) एस. जयशंकर

(B) शशि थरूर

(C) जे. साई दीपक

(D) विक्रम संपत

35. संयुक्त सैन्य अभ्यास, 'सदा तनसीक' भारत और निम्नलिखित में से किस देश के बीच हुआ?

(A) ईरान

(B) संयुक्त अरब अमीरात

(C) सऊदी अरब

(D) इजरायल

5400042 5400042 5400042 5400042 5400042

36. नीति आयोग के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये।

(1) नीति आयोग 1 जनवरी 2018 में स्थापित हुआ

(2) यह योजना आयोग का प्रतिस्थापन था

(3) इसका पूरा नाम राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान है

(4) नीति आयोग का अध्यक्ष भारत का प्रधानमंत्री है

उपर्युक्त में से कौन सा कथन सत्य है?

(A) कथन (1), (2) एवं (3)

(B) कथन (1), (2), (3) एवं (4)

(C) कथन (2), (3) एवं (4)

(D) कथन (1), (3) एवं (4)

37. निम्नलिखित में से कौन सी नीति आयोग के कार्य हैं?

(1) ग्राम स्तर पर विश्वसनीय योजनायें तैयार करना

(2) कार्यक्रमों और पहलों के कार्यान्वयन के लिये प्रौद्योगिकी उन्नयन और क्षमता निर्माण पर ध्यान केन्द्रित करना

(3) राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय प्रबुद्ध मेडल के साथ साझेदारी

उपर्युक्त के संदर्भ में सही उत्तर को चुनिये :

(A) उपर्युक्त सभी

(B) केवल (1) एवं (2)

(C) केवल (2) एवं (3)

(D) केवल (1) एवं (3)

38. योजना अवधि के मध्य निम्नलिखित बिन्दु-लक्ष्यों पर विचार कीजिये :

(1) बुनियादी और भारी उद्योगों के विकास पर तेजी से औद्योगीकरण

(2) जीवन की गुणवत्ता और सामाजिक न्याय के साथ विकास

(3) लिंग असमानता में कमी के साथ तीव्र और समावेशी विकास

(4) विस्तारित अर्थव्यवस्था की स्थितियाँ बनाकर गरीबी की समस्या पर सीधा प्रहार करना

निम्नलिखित में से कौन सा उपरोक्त घटनाओं का सही कालानुक्रमिक क्रम है?

(A) (4)-(2)-(1)-(3)

(B) (1)-(4)-(2)-(3)

(C) (2)-(3)-(4)-(1)

(D) (3)-(1)-(2)-(4)

39. निम्नलिखित में से कौन एक बारहवीं पंचवर्षीय योजना का लक्ष्य नहीं था?

(A) समावेशी विकास

(B) 2015 तक शून्य राजकोषीय घाटा

(C) संपोषणीय विकास

(D) तेजी से विकास

40. दसवीं पंचवर्षीय योजना की लक्ष्य वृद्धि दर क्या थी?

(A) 9%

(B) 6%

(C) 7%

(D) 8%

5400042

41. नीति आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

(1) नीति आयोग के सात स्तम्भ उद्देश्य हैं।

(2) इसके तीन विशेष विंग हैं।

उपरोक्त कथन में कौन सा सत्य है/हैं?

(A) केवल (2)

(B) केवल (1)

(C) (1) एवं (2) दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

42. निम्न कथनों पर विचार कीजिये :

अभिकथन [A] : नीति आयोग ने योजना आयोग को प्रतिस्थापित किया।

कारण [R] : यह बदलाव एक वैश्विक दुनियों में आर्थिक नियोजन के लिये एक अधिक गतिशील और अपनाने योग्य दृष्टिकोण की ओर एक कदम दर्शाता है।

सही उत्तर का चयन कीजिये :

(A) [A] सही है किन्तु [R] गलत है।

(B) [A] एवं [R] दोनों सत्य हैं और [R], [A] को सही विश्लेषित करता है।

(C) [A] एवं [R] दोनों सत्य हैं परन्तु [R], [A] को सही विश्लेषित नहीं करता है।

(D) [A] गलत है परन्तु [R] सही है।

43. भागलपुर (बिहार) शहर विशेष रूप से जाना जाता है :

(A) तिलहन

(B) जर्दालू आम

(C) दाल जौ (लेन्टिल्स बार्ली)

(D) टसर सिल्क

44. जमुई, बिहार जाना जाता है अपनी :

(A) लोहा भंडार

(B) ताँबा भंडार

(C) सोना भंडार

(D) जस्ता भंडार

45. डीपी धर ने तैयार और शुभारंभ किया :

(A) बिहार चौथी पंचवर्षीय योजना

(B) बिहार पाँचवीं पंचवर्षीय योजना

(C) बिहार छठी पंचवर्षीय योजना

(D) बिहार सातवीं पंचवर्षीय योजना

46. निम्न कथन पर विचार कीजिये :

अभिकथन [A] : बिहार की अर्थव्यवस्था में हाल के वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गयी है।

कारण [R] : बुनियादी ढाँचे का विकास, कृषि और मानव विकास सकारात्मक भूमिका निभा रहे हैं।

नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :

(A) [A] सही है किन्तु [R] गलत है।

(B) [A] एवं [R] दोनों सत्य हैं और [R], [A] का सही कारण है।

(C) [A] एवं [R] दोनों सत्य हैं किन्तु [R], [A] का सही कारण नहीं है।

(D) [A] गलत है किन्तु [R] सत्य है।

47. बिहार पर्यटन नीति 2023 के अन्तर्गत 50 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के लिये दी जाने वाली अधिकतम पूँजी सब्सिडी प्रतिशत क्या है?

(A) 50%

(B) 30%

(C) 10%

(D) 25%

48. भारत में बुनियादी ढाँचे के विकास के लिये मुख्य रूप से जिम्मेदार क्षेत्र है :

(A) जल परिवहन

(B) लोक निर्माण

(C) शिक्षा

(D) स्वास्थ्य

49. भारत में स्मार्ट सिटी मिशन का मुख्य ध्येय है :

(A) दूर संचार

(B) शहरी गरीबी उन्मूलन

(C) स्मार्ट बुनियादी ढाँचे और प्रौद्योगिकी का विकास

(D) सूचना प्रौद्योगिकी

50. 'हरित अवसंरचना' की अवधारणा सम्बन्धित है :

(A) जलआपूर्ति और सीवरेज

(B) ग्रामीण संयोजकता (कनेक्टिविटी)

(C) नवीकरण ऊर्जा

(D) सतत शहरी विकास

51. निम्नलिखित में से कौन भारत में एक प्रतिस्पर्धी विनिर्माण क्षेत्र के विकास के लिये आवश्यक है?

(A) परिवहन अवसंरचना

(B) वित्तीय सेवायें

(C) डिजिटल-अवसंरचना

(D) जल पर्यटन

52. निम्नलिखित में से कौन L-रूट सर्वर प्राप्त करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है?

(A) कर्नाटक

(B) महाराष्ट्र

(C) राजस्थान

(D) आन्ध्र प्रदेश

5400042

53. किसी देश के विकास में बुनियादी ढाँचे की महत्वपूर्ण भूमिका होती है :

(A) नवाचार को बढ़ावा देकर सतत विकास का सृजन करना

(B) असमानता को कम करना

(C) वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करना

(D) उपर्युक्त सभी

54. डेटा सेन्टर मुख्य रूप से कार्य करता है :

(A) एक यूजर इंटरफेस स्टुडियो

(B) एक नेटवर्किंग साइट

(C) एक साफ्टवेयर विकास केन्द्र

(D) डेटा भंडारण और प्रसंस्करण के लिये एक भौतिक सुविधा

55. निम्नलिखित युग्म पर विचार कीजिये :

| सीमा चिन्ह | प्रसिद्ध है |
| --- | --- |
| (1) दिल्ली मेट्रो | – भारत की पहली चालक रहित मेट्रो का उपयोग करने वाली मेट्रो |
| (2) बांद्रा-वर्ली सी लिंक | – भारत का सबसे लम्बा समुद्री पुल |
| (3) एकता की मूर्ति | – दुनियाँ की सबसे ऊँची प्रतिमा |

उपर्युक्त युग्मों से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल दो युग्म

(B) केवल एक युग्म

(C) सभी तीनों युग्म

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

56. निम्नलिखित में से भारतीय वरीयता क्रम (Order of Precedence) में सबसे नीचे कौन आता है?

(A) उप प्रधानमंत्री

(B) भारत के मुख्य न्यायाधीश

(C) किसी राज्य के राज्यपाल (उसके अपने राज्य में)

(D) पूर्व राष्ट्रपति

57. लोकसभा अध्यक्ष को हटाने के लिए किस प्रकार का बहुमत आवश्यक है?

(A) विशेष बहुमत

(B) साधारण बहुमत

(C) प्रभावी बहुमत

(D) पूर्ण बहुमत

58. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(1) ध्यानाकर्षण प्रस्ताव एक भारतीय नवाचार है।

(2) ध्यानाकर्षण प्रस्ताव नियमावली में उल्लिखित नहीं है।

(A) केवल (2)

(B) केवल (1)

(C) दोनों (1) और (2)

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

59. संसद की अनुमान समिति (Estimates Committee) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(1) अनुमान समिति का गठन जॉन मथाई समिति की सिफारिश पर किया गया था।

(2) इस समिति में राज्यसभा का कोई प्रतिनिधित्व नहीं होता।

(A) केवल (2)

(B) केवल (1)

(C) दोनों (1) और (2)

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

60. भारतीय संविधान मणिपुर के लिए विशेष प्रावधान किस अनुच्छेद में करता है?

(A) अनुच्छेद 371D

(B) अनुच्छेद 371A

(C) अनुच्छेद 371B

(D) अनुच्छेद 371C

61. स्थानीय शासन से संबंधित निम्नलिखित समितियों को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें :

(1) बलवंत मेहता समिति

(2) जी.वी.के. राव समिति

(3) अशोक मेहता समिति

(4) थुंगन समिति

सही विकल्प चुनें :

(A) (1), (3), (2), (4)

(B) (2), (4), (1), (3)

(C) (3), (1), (4), (2)

(D) (4), (2), (3), (1)

62. निम्नलिखित में से कौन संविधान सभा के सदस्य नहीं थे?

(A) अरुणा आसफ अली

(B) सुचेता कृपलानी

(C) विजयलक्ष्मी पंडित

(D) राजकुमारी अमृत कौर

5400042

63. भारतीय संविधान ने राज्यसभा के सदस्यों के चुनाव से संबंधित प्रावधान किस स्रोत से ग्रहण किया है?

(A) भारत शासन अधिनियम, 1935

(B) ब्रिटिश संविधान

(C) कनाडाई संविधान

(D) दक्षिण अफ्रीकी संविधान

64. निम्नलिखित में से कौन संविधान सभा की प्रारूप समिति के सदस्य नहीं थे?

(A) वी.टी. कृष्णमाचारी

(B) सैयद मोहम्मद सादुल्ला

(C) एन. गोपालस्वामी अय्यंगार

(D) अल्लादी कृष्णस्वामी अय्यर

65. स्वतंत्र भारत की पहली कैबिनेट में वाणिज्य मंत्रालय किसके पास था?

(A) सी.एच. भाभा

(B) डॉ. जॉन मथाई

(C) डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

(D) सरदार वल्लभभाई पटेल

66. भारत में निवास कर रहे एक कनाडा के नागरिक को निम्नलिखित में से किस अधिकार का दावा नहीं है?

(A) गिरफ्तारी और हिरासत के खिलाफ संरक्षण

(B) कानून के समक्ष समानता

(C) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

(D) धर्म की स्वतंत्रता

5400042

67. निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद 1976 के 42वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा सम्मिलित नहीं किया गया था?

(A) अनुच्छेद 43A

(B) अनुच्छेद 38

(C) अनुच्छेद 39

(D) अनुच्छेद 39A

68. भारतीय संविधान किसे न्यायिक पुनरावलोकन (Judicial Review) की शक्ति प्रदान करता है?

(A) केवल सर्वोच्च न्यायालय

(B) सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय दोनों

(C) सभी न्यायालयों को

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

69. दो या दो से अधिक राज्यों के लिए एक सामान्य उच्च न्यायालय स्थापित करने की शक्ति संविधान के किस अनुच्छेद में दी गई है?

(A) अनुच्छेद 232

(B) अनुच्छेद 229

(C) अनुच्छेद 230

(D) अनुच्छेद 231

70. निम्नलिखित में से किसे भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्विरोध चुना गया था?

(A) मोहम्मद हमीद अंसारी

(B) वराहगिरि वेंकट गिरि

(C) कोचरिल रमन नारायणन

(D) मोहम्मद हिदायतुल्ला

71. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?

(A) धोंडो केशव कर्वे उच्च जाति की हिन्दू विधवाओं की शिक्षा के खिलाफ थे

(B) मद्रास थियोसोफिकल सोसाइटी की एनी बेसेंट ने कहा कि प्राचीन समय में हिंदू महिलाएं शिक्षित थीं और समाज में स्वतंत्र रूप से घूमती थीं

(C) उत्तर भारत के आर्य समाज ने स्त्री शिक्षा का पुरजोर समर्थन किया

(D) 1882 की हंटर आयोग रिपोर्ट ने लड़कों की तुलना में लड़कियों के स्कूलों के लिए अधिक उदार अनुदान सहायता और लड़कियों के लिए विशेष छात्रवृत्ति और पुरस्कार की सिफारिश की

72. "जब द्विराष्ट्रीय सिद्धान्त जोर पकड़ रहा था तब किसने मार्लेमिण्टो सुधारों पर तंज कसते हुए कहा कि "पाकिस्तान का वास्तविक जन्मदाता इकबाल या जिन्ना नहीं वरन "मिण्टो" था?

(A) जवाहर लाल नेहरू

(B) सी. राजगोपालचारी

(C) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(D) गोविन्द वल्लभ पन्त

73. सूची I को सूची II से सुमेलित करें।

| सूची I (असली नाम) | सूची II (लोकप्रिय नाम) |
|---|---|
| (a) मूलशंकर | (1) रामकृष्ण परमहंस |
| (b) नरेंद्र नाथ दत्त | (2) भगिनी निवेदिता |
| (c) गदाधर चट्टोपाध्याय | (3) स्वामी दयानंद सरस्वती |
| (d) मार्गरेट एलिजाबेथ नोबल | (4) स्वामी विवेकानन्द |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(A) (a)-(3), (b)-(4), (c)-(2), (d)-(1)

(B) (a)-(1), (b)-(2), (c)-(3), (d)-(4)

(C) (a)-(2), (b)-(1), (c)-(4), (d)-(3)

(D) (a)-(3), (b)-(4), (c)-(1), (d)-(2)

74. 'स्पैनिश फ्लू' सबसे पहले 1918 में भारत के किस शहर में पहुँचा था?

(A) पूना

(B) कलकत्ता

(C) बंबई

(D) लाहौर

5400042

75. सहमति आयु अधिनियम, 1891 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

(1) यह बम्बई के एक पारसी सुधारक बेहरामजी मालाबारी थे, जिन्होंने इसकी वकालत की थी विधान।

(2) इस अधिनियम को बाल गंगाधर तिलक के नेतृत्व वाली गरमपंथी शाखा का समर्थन प्राप्त था।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(A) (1) और (2) दोनों

(B) केवल (2)

(C) न तो (1) और न ही (2)

(D) केवल (1)

76. भारतीय इतिहास के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(1) डचों ने गजपति शासकों द्वारा दी गई भूमि पर पूर्वी तट पर अपने कारखाने/गोदाम स्थापित किए।

(2) अल्फोंसो डी अल्बुकर्क ने बीजापुर सल्तनत से गोवा पर कब्जा कर लिया।

(3) विजयनगरम साम्राज्य के एक प्रतिनिधि से पट्टे पर ली गई जमीन पर मद्रास में एक कारखाना स्थापित किया।

उपर्युक्त में से कौन से कथन सत्य हैं?

(A) (1), (2) और (3)

(B) केवल (1) और (2)

(C) केवल (2) और (3)

(D) केवल (1) और (3)

5400042

77. निम्नलिखित में से कौन सा नेता बिहार में चंपारण सत्याग्रह (1917) से प्रमुख रूप से जुड़ा था, जो भारतीय जन आंदोलनों में महात्मा गांधी की पहली सक्रिय भागीदारी थी?

(A) अनुग्रह नारायण सिन्हा

(B) राजेंद्र प्रसाद

(C) जयप्रकाश नारायण

(D) श्रीकृष्ण सिन्हा

78. निम्नलिखित में से किस घटना ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा असहयोग आंदोलन की औपचारिक शुरुआत की?

(A) रॉलेट एक्ट विरोध

(B) जलियांवाला बाग हत्याकांड

(C) चौरी चौरा कांड

(D) कांग्रेस का नागपुर अधिवेशन, 1920

79. बिहार वैज्ञानिक सोसायटी की स्थापना कब हुई थी?

(A) 1793

(B) 1868

(C) 1785

(D) 1659

80. बिहार के जगदीशपुर से 1857 के भारतीय विद्रोह का नेता कौन था?

(A) चित्तूर सिंह

(B) कुवर सिंह

(C) देवी सिंह

(D) कदम सिंह

81. निम्नलिखित में से कौन प्रारंभिक औपनिवेशिक शासन के दौरान साल्ट पीटर (सैंधाव नून) के निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र था?

(A) उड़ीसा

(B) अवध

(C) बंगाल

(D) बिहार

82. स्थायी बंदोबस्त 1793 में लॉर्ड कार्नवालिस द्वारा कहाँ लागू किया गया था?

(A) बंगाल और बम्बई

(B) बंगाल और बिहार

(C) बंगाल, बिहार और उड़ीसा

(D) बंगाल, बिहार और मद्रास

83. भगा जतिन के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

(A) उन्होंने बंगाल में खिलाफत आंदोलन शुरू किया

(B) उन्होंने 1928 में बारदोली सत्याग्रह का नेतृत्व किया

(C) वे जुबंतर क्रांतिकारी समूह से जुड़े थे और 1915 में बालासोर में ब्रिटिश बलों से लड़ते हुए शहीद हुए

(D) वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले भारतीय अध्यक्ष थे

84. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान बदरूद्दीन तैयबजी का कौन सा योगदान प्रमुख रूप से जाना जाता है?

(A) उन्होंने 1929 में लाहौर अधिवेशन की अध्यक्षता की, जहाँ पूर्ण स्वराज की घोषणा हुई थी

(B) वे फॉरवर्ड ब्लॉक के संस्थापक थे

(C) वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले मुस्लिम अध्यक्ष बने और हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए सक्रिय रूप से कार्य किया

(D) उन्होंने मुसलमानों की शिक्षा के उत्थान के लिए अलीगढ़ आंदोलन शुरू किया

85. निम्नलिखित अकाल आयोगों को कालानुक्रमिक रूप से व्यवस्थित करें:

(a) मैकडोनेल

(b) स्ट्रैची

(c) लायल

(d) कैम्पबेल

दिए गए कोड से सही उत्तर चुनें :

(A) (a), (c), (d), (b)

(B) (c), (a), (d), (b)

(C) (b), (c), (a), (d)

(D) (d), (b), (c), (a)

86. बलबन से कौन संबंधित नहीं है?

(A) पूंजी का हस्तांतरण

(B) चहलगानी तुर्क

(C) रक्त और लौह नीति

(D) मामलुक वंश

87. निम्नलिखित में से किस अख़बार ने 'नील विद्रोह' के दौरान इंडिगो प्लांटर्स की कड़ी निंदा की और कृषकों के पक्ष का समर्थन किया?

(A) हिन्दुस्तान

(B) हरकारू

(C) हिन्दू पैट्रियट

(D) फ्रेंड ऑफ इंडिया

88. भारतीय अर्थव्यवस्था पर किनके 'खुले पत्रों' ने लॉर्ड कर्ज़न को इस कदर विवश किया कि ब्रिटिश भारतीय सरकार को इसका आधिकारिक खंडन प्रकाशित करना पड़ा और साथ ही सुधारात्मक आर्थिक कदम भी उठाने पड़े?

(A) लाला लजपत राय

(B) एम.जी. रानाडे

(C) जी.वी. जोशी

(D) आर.सी. दत्त

89. निम्नलिखित में सन कौन-सा सही मेल नहीं है?

(A) खुदाई खिदमतगार – अब्दुल गफ्फार खान

(B) आज़ाद मुस्लिम कॉन्फ्रेंस – अल्लाह बख़्श

(C) ख़ाकसार पार्टी – अल्लामा मशरिक़ी

(D) कृषक प्रजा पार्टी – अब्दुल हक़

90. बख्तियार खिलजी ने जब 1202-03 में बंगाल पर आक्रमण करते हुए तिरहुत पर हमला किया, तो वहां के शासक राजा नरसिंहदेव के लिए इसका क्या परिणाम क्या था?

(A) उनका राज्य स्थायी रूप से खिलजी द्वारा हड़प लिया गया

(B) वे युद्ध में मारे गए

(C) उन्हें बंदी बनाकर निर्वासित कर दिया गया

(D) उन्होंने कर देने पर सहमति जताई और उनका क्षेत्र उन्हें लौटा दिया गया

91. 1928 में आयोजित बिहार यूथ कॉन्फ्रेंस के दौरान बिहार यूथ लीग की स्थापना निम्नलिखित में से किस स्थान पर हुई थी?

(A) मोतिहारी

(B) आरा

(C) मुज़फ़्फ़रपुर

(D) पटना

92. निम्नलिखित में से कौन से नेताओं का युग्म 1922 में मुंगेर में किसान सभा के आयोजन के लिए जिम्मेदार था?

(A) मोहम्मद जुबैर और राजेन्द्र प्रसाद

(B) स्वामी सहजानंद सरस्वती और मोहम्मद जुबैर

(C) श्रीकृष्ण सिंह और मोहम्मद जुबैर

(D) स्वामी सहजानंद सरस्वती और श्रीकृष्ण सिंह

93. वर्ष 1928-29 के दौरान बिहार प्रांतीय कांग्रेस समिति के अध्यक्ष कौन थे?

(A) राजेन्द्र प्रसाद

(B) अनुग्रह नारायण सिंह

(C) श्रीकृष्ण सिंह

(D) ब्रजकिशोर प्रसाद

5400042

94. निम्नलिखित में से किस अभिलेख में समुद्रगुप्त को 'परम भागवत' कहा गया है?

(A) महरौली अभिलेख

(B) इलाहाबाद स्तंभ लेख

(C) ऐरण स्तंभ लेख

(D) भीतरी अभिलेख

95. निम्नलिखित में से कौन-सा शिलाखंड (रॉक कट) मंदिर वास्तुकला का उदाहरण है?

(A) एलोरा का कैलाश मंदिर

(B) कांची का कैलासनाथ मंदिर

(C) तंजावुर का राजराजा मंदिर

(D) पुरी का जगन्नाथ मंदिर

96. अशोक के किस शिलालेख में कलिंग युद्ध का वर्णन है?

(A) शिलालेख XII

(B) शिलालेख XIII

(C) शिलालेख XI

(D) शिलालेख IX

97. निम्नलिखित में से किस स्थल से हरप्पा लिपि में बड़े अक्षरों वाला एक संक्षिप्त अभिलेख प्राप्त हुआ है?

(A) धौलावीरा

(B) बनावली

(C) कालीबंगन

(D) मोहन जोदड़ो

98. शेरशाह के प्रशासन के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

I. शेरशाह के साम्राज्य को सैंतालीस सरकार में विभाजित किया गया था। चीफ शिक़दार (कानून और व्यवस्था) और चीफ मुंसिफ (जज) प्रत्येक सरकार में प्रशासन के दो प्रभारी अधिकारी थे।

II. प्रत्येक सरकार को कई परगनों में विभाजित किया गया था।

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है/हैं?

(A) न तो I और न ही II

(B) केवल I

(C) केवल II

(D) I और II दोनों

99. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प मुग़ल *मनसबदारी* प्रथा के बारे में सही नहीं है?

(A) उन्हें सशर्त या मश्रुत मनसब दिया जा सकता था

(B) उन्हें नकद के साथ-साथ जागीरें भी दी जाती थीं

(C) उन्हें सशस्त्र बल बनाए रखने होते थे

(D) उन्हें स्थानांतरित नहीं किया जा सकता था

100. मुग़ल काल में निम्नलिखित में से कौन शाही परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति करता था?

(A) मीर बख़्शी

(B) दीवान-ए-ख़ालसा

(C) वकील-ए-मुतलक़

(D) मीर सामान

5400042

**101.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए।

| सूची-I (जलप्रपात) | | सूची-II (अवस्थिति) | |
|---|---|---|---|
| (a) | दूधसागर | (1) | कर्नाटक |
| (b) | बरकाना | (2) | उड़ीसा |
| (c) | खण्डाधार | (3) | हिमाचल प्रदेश |
| (d) | पलानी | (4) | गोवा |

कूट :

(A) (a)-(3), (b)-(2), (c)-(4), (d)-(1)

(B) (a)-(4), (b)-(1), (c)-(2), (d)-(3)

(C) (a)-(1), (b)-(2), (c)-(3), (d)-(4)

(D) (a)-(4), (b)-(3), (c)-(2), (d)-(1)

**102.** विश्व के किस क्षेत्र में अपक्षालन की प्रक्रिया बड़ी तीव्र होती है?

(A) मध्य अक्षांशीय प्रदेशों में

(B) आर्द्र उष्ण कटिबन्धीय

(C) शीत कटिबन्धीय

(D) शुष्क उष्ण कटिबन्धीय

**103.** विश्व में अंगूर की खेती, बागवानी, कोशकीट पालन (रेशमी उत्पादन) बहुत विकसित है :

(A) पश्चिम समुद्री तटीय क्षेत्रों में

(B) मानसूनी क्षेत्रों में

(C) उष्णकटिबन्धीय उच्चभूमि में

(D) भूमध्य सागरीय क्षेत्रों में

**104.** विश्व में सर्वाधिक ज्वालामुखी किस पेटी में पाये जाते है?

(A) परिप्रशान्त पेटी

(B) मध्य महाद्वीपीय पेटी

(C) अन्ध महासागरीय पेटी

(D) हिन्द महासागरीय पेटी

**105.** विश्व का सर्वाधिक जैव-विविधता समृद्ध क्षेत्र है

(A) महासागर

(B) उष्णकटिबंधीय क्षेत्र

(C) ध्रुवीय क्षेत्र

(D) शीतोष्ण क्षेत्र

**106.** विश्व के दो शीर्ष अग्रणी टिन उत्पादक देश है

(A) मलेशिया एवं रूस

(B) पेरु एवं बोलविया

(C) बोलविया एवं ब्राजील

(D) चीन एवं इंडोनेशिया

107. राँची का पठार उदाहरण है

(A) प्रारंभी पेनिप्लेन का

(B) शुद्ध पेनिप्लेन का

(C) उत्थित पेनिप्लेन का

(D) अवतलित पेनेप्लेन का

108. किस नदी को बिहार का शोक कहते है?

(A) दामोदर

(B) गंगा

(C) कावेरी

(D) कोसी

109. बिहार का निम्नलिखित में से कौन सा जिला नेपाल के साथ अपनी सीमा साझा नहीं करता है?

(A) सीतामढ़ी

(B) मधुबनी

(C) पूर्णिया

(D) अररिया

110. बिहार राज्य में सबसे बड़ा अभयारण्य कौन सा है?

(A) संजय गाँधी उद्यान

(B) कैमूर

(C) भीमबंध

(D) वाल्मीकि

111. भीमबांध वन्यजीव अभयारण्य कहाँ स्थित है?

(A) सरन

(B) मुंगेर

(C) पश्चिमी चंपारण

(D) पूर्वी चंपारण

112. बिहार की मुख्य नदी प्रणाली कौन सी है?

(A) दोमादर

(B) कोसी

(C) गंगा

(D) गंडक

113. निम्नलिखित में से किस जिले से गंगा नदी बिहार में प्रवेश करती है?

(A) बक्सर

(B) गोपालगंज

(C) सिवान

(D) रोहतास

5400042

114. भारत में निम्नलिखित में से कौन कोयला उत्पादन से सम्बंधित नहीं है?

(A) कर्णपुरा

(B) गिरडीह

(C) बोकारो

(D) बैलाडिला

115. निम्नलिखित नदियों में से कौन महान हिमालय के उत्तर में उत्पन्न होती है?

(A) सतलज

(B) रावी

(C) झेलम

(D) चिनाब

116. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार निम्नलिखित जलवायु प्रकारों में से कौन सी भारत में पाई जाती है?

(A) Cf

(B) Af

(C) Am

(D) Ds

117. हिमालय की किस श्रृंखला का निर्माण सबसे बाद में हुआ?

(A) जास्कर

(B) महान हिमालय

(C) मध्य हिमालय

(D) शिवालिक

118. निम्नलिखित का मिलान कीजिए : तथा नीचे दिये कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें :

| नदी | सहायक नदी |
|---|---|
| (a) गंगा | (1) चम्बल |
| (b) यमुना | (2) भीमा |
| (c) कृष्णा | (3) कोसी |
| (d) महानदी | (4) शिवनाथ |

कूट

(A) (a)-(2), (b)-(1), (c)-(4), (d)-(3)

(B) (a)-(3), (b)-(1), (c)-(2), (d)-(4)

(C) (a)-(4), (b)-(2), (c)-(1), (d)-(3)

(D) (a)-(3), (b)-(2), (c)-(1), (d)-(4)

119. कौन-सी नदी अरब सागर में मिलती है?

(A) यमुना

(B) महानदी

(C) गोदावरी

(D) नर्मदा

120. टोडा जनजाति किस राज्य में पायी जाती है?

(A) तमिलनाडु

(B) झारखण्ड

(C) मध्यप्रदेश

(D) राजस्थान

121. किस के द्वारा लोहे को गेल्वेनाइज्ड किया जाता है?

(A) शीशा

(B) Zn (जिंक)

(C) Cu (कॉपर)

(D) Ag (चान्दी)

122. माचिस की तीली की टिप पर क्या लगा होता है?

(A) फोस्फोरस पेन्टाऑक्साइड

(B) सफेद फोस्फोरस

(C) लाल फोस्फोरस

(D) फोस्फोरस ट्राइक्लोराइड

123. शाही जल जिसमें प्लेटीनम और सोने को गलाने की छत्रता होती है बना होता है एक मिश्रण से वो है।

(A) 3 : 1 : 1 सान्द्र $HNO_3$ ; HCl; $H_2SO_4$

(B) 1 : 3 सान्द्र $HNO_3$ एवं HCl

(C) 3 : 1 सान्द्र $HNO_3$ एवं HCl

(D) 1 : 3 सान्द्र $H_2SO_4$ एवं HCl

124. कोयले की किस किस्म से ये पहचाना जा सकता है कि इसका निर्माण किस पौधे से हुआ है?

(A) पीट

(B) बिटूमिनोस

(C) लिग्नाइट

(D) एन्थ्रासाइट

125. वायुमण्डल में ग्रीनहाउस प्रभाव के लिए कौन सबसे अधिक योगदान करता है?

(A) नाइट्रस ऑक्साइड

(B) कार्बन डाई ऑक्साइड

(C) कार्बन मोनो ऑक्साइड

(D) सल्फर डाई ऑक्साइड

5400042

126. नेक्टोन्स समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र की खाद्य श्रृंखला के सर्वोच्च पर भक्षी है। निम्न में से कौन नेक्टोन्स की श्रेणी में नहीं है?

(A) लोबस्टर्स

(B) जैली फिश

(C) सार्क

(D) कटलफिश

127. DNA एवं RNA में निम्न में से कौनसा तत्व नहीं मिलता?

(A) फोस्फोरस

(B) ऑक्सीजन

(C) नाइट्रोजन

(D) सल्फर

128. पारिस्थिति तंत्र में 10% ऊर्जा का परिवहन सिद्धांत किसने प्रतिपादित किया था?

(A) वेन्ट हॉफ

(B) लिंडमेन

(C) कार्ल मोबियस

(D) टेन्सले

129. बोम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (BNHS) द्वारा त्रैमासिक पत्रिका होर्न बिल प्रकाशित की जाती है, जिससे अध्ययन किया जाता है?

(A) फसलों के पैदा करने के तरीके

(B) आदिवासियों का

(C) वन्यजीव एवं वातावरण

(D) समुद्री किनारे के जीवजन्तुओं का अनुकूलन व्यवहार

130. भारत में कितने बायोडायवर्सिटी होट स्पोट पाये हैं?

(A) 16

(B) 4

(C) 8

(D) 12

131. लम्बवत तरंगे किस से नहीं गुजर सकती हैं?

(A) निर्वात

(B) गैस

(C) द्रव

(D) ठोस

132. मानव जीवाश्म की उम्र निर्धारण में कौन सी विधि काम में ली जाती है?

(A) रेडियो कार्बन डेटिंग

(B) मृदा की पानी की मात्रा

(C) मृदा की मुलायमता

(D) मृदा का घनत्व निर्धारण

133. यदि एक चालू फ्रिज के दरवाजे को किसी कमरे में खुला छोड़ दिया जाए तो

(A) कमरे का ताप पहले बढ़ेगा और बाद में कम होगा

(B) कमरे का तापमान बढ़ जाएगा

(C) कमरे का तापमान घट जाएगा

(D) कमरे के ताप पर कोई प्रभाव नहीं होगा

134. यदि एक द्रव की गुरुत्वाकर्षण को शून्य कर दिया जाए तो निम्न में से कौन नहीं होगा?

(A) उत्प्लावन बल

(B) सतही तनाव

(C) दबाव

(D) श्यानता

135. सर्दियों में एक कम्बल के बजाय दो कम्बल उपयोग में लाकर शरीर को गर्म रखते हैं। ऐसा क्यों?

(A) दो कम्बल मोटे होकर ज्यादा ऊष्मा पैदा करते हैं

(B) दो कम्बल शरीर और कम्बलों के बीच की वायु को संपीडित कर देते हैं

(C) दो कम्बल वायु का आवरण पैदा कर देते हैं जो ठण्डी हवा को अन्दर घुसने से रोकता है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

136. बहुत पुराने दस्तावेज की लिखावट को पढ़ने के लिए कौन सी किरणें काम में ली जाती है?

(A) IR किरणें

(B) X किरणें

(C) $\beta$ किरणें

(D) $\gamma$ किरणें

137. माइक्रोफोन का क्या कार्य है यह बदल देता है

(A) विद्युत संकेतों को ध्वनि संकेतों में

(B) विद्युत चुम्बकीय तरंगों को ध्वनि संकेतों में

(C) ध्वनि संकेतों को विद्युत चुम्बकीय तरंगों में

(D) ध्वनि संकेतों को विद्युत संकेतों में

138. निम्न में से कौन सा बल मट्ठे में से क्रीम को अलग करने में काम आता है?

(A) ससंजक बल

(B) अभिकेन्द्रीय बल

(C) अपकेन्द्रीय बल

(D) गुरुत्वाकर्षण बल

139. कौन सी तरंगे सोनार में उपयोग की जाती हैं?

(A) पराश्रव्य तरंगे

(B) श्रव्य ध्वनि तरंगे

(C) रेडियो तरंगे

(D) अवध्वनिक तरंगे

140. न्यूट्रोन की खोज किसने की थी?

(A) मिलिकान

(B) रदरफोर्ड

(C) चेडविक

(D) हान एवं स्ट्रासमेन

5400042 5400042 5400042 5400042 5400042

141. ऊपरी मिट्टी का कटाव एवं उर्वरकों एवं कीटनाशकों का बहाव जो जलाशयों में एकत्रित हों, उदाहरण है

(A) दोनों ही ऋणात्मक प्रदूषण के

(B) ऋणात्मक एवं धनात्मक प्रदूषण के

(C) धनात्मक एवं ऋणात्मक प्रदूषण के

(D) दोनों ही धनात्मक प्रदूषण के

142. निम्न में से एक ग्रीन हाउस गैस नहीं है और वो है

(A) मीथेन

(B) नाइट्रोजन ऑक्साइड

(C) सीएफसीज (CFCs)

(D) सल्फर डाई ऑक्साइड ( $SO_2$ )

143. पौधे के किस भाग को चरने वाले जानवर कभी भी नहीं खाते है वो है?

(A) काष्ठ

(B) जड़

(C) तना

(D) छाल

144. हमारे शरीर की कौन सी कोशिकाएँ अनाक्सीश्वसन नहीं कर सकती?

(A) नवनिर्मित श्वास रुधिर कोशिकाएँ

(B) परिवक्व रक्त रुधिर कणिकाएँ

(C) मस्तिष्क कोशिकाएँ

(D) मासल कोशिकाएँ

145. निम्न में से कौन सा तन का रूपान्तरण है?

(A) शलगम

(B) मेग्रूव पौधे के न्यूमेटोफोर्स

(C) नागफनी का फिल्लोक्लेड

(D) पत्ता गोभी

146. बीजांकुरण के लिए क्या आवश्यक नहीं है?

(A) खनिज लवण

(B) नमी

(C) ऑक्सीजन

(D) तापमान

147. मनुष्य के रक्त की pH वेल्यू होती है

(A) 5.9 से 6.4

(B) 7.35 से 7.45

(C) 6.5 से 7.00

(D) 7.5 से 7.8

148. मनुष्य में कलर ब्लाइन्ड एवं हीमोफिलिया बीमारी के कारण हैं?

(A) X गुणसूत्र पर उपस्थित अप्रभावी जीन

(B) Y गुणसूत्र पर उपस्थित प्रभावी जीन

(C) X गुणसूत्र पर उपस्थित प्रभावी जीन

(D) Y गुणसूत्र पर उपस्थित अप्रभावी जीन

149. इशिहारा टेस्ट सम्बंधित है

(A) प्रोस्टेट ग्रंथि से

(B) किडनी क्रियाविधि से

(C) रंग दृष्टिहीनता से

(D) यकृत क्रियाविधि से

150. बीमारी पैदा करने वाले जीवाणु श्रवित करते हैं।

(A) इन्टरफेरोन्स

(B) एन्टीजन

(C) एन्टी बायोटिक

(D) एन्टीबोडीज

5400042